पद: सीनियर एडिटोरियल एसोसिएट | आईडीआर हिंदी

इंडिया डेवलपमेंट रिव्यू (आईडीआर) सामाजिक बदलाव और फिलैंथ्रॉपी से जुड़ी आवाज़ों को प्रकाशित करने वाला एशिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र ज्ञान मंच है। हम विकास सेक्टर से जुड़ी चुनौतियों और अनुभवों को मंच देते हैं, ताकि असल मुद्दों पर सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल सके।

भूमिका

आईडीआर हिंदी के लिए हम एक सीनियर एडिटोरियल एसोसिएट की तलाश में हैं, जो संपादकीय गुणवत्ता को मज़बूत करने के साथ-साथ नए विचारों, कहानियों और परियोजनाओं का नेतृत्व कर सके। इस भूमिका में आप:

- विकास सेक्टर के विषयों और कहानियों की पहचान करेंगे, लेख लिखेंगे और उनका संपादन करेंगे।
- विभिन्न संपादकीय परियोजनाओं का समन्वय और निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।
- फील्ड विज़िट, कार्यक्रमों और सम्मेलनों के माध्यम से विकास सेक्टर के प्रासंगिक मुद्दों की पहचान करेंगे।
- डोनर से लेकर ज़मीनी कार्यकर्ता तक, सेक्टर के विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद कायम करेंगे।

हम ऐसे उम्मीदवार की तलाश में हैं, जो

- विकास सेक्टर में 10–12 वर्ष का अनुभव और इसके अहम मुद्दों की अच्छी समझ रखते हों।
- लेखन, संपादन और/या कंटेंट निर्माण का अच्छा अनुभव रखते हों।
- टीम और प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने में सहज हों।
- हमारे सहयोगियों व डोनर्स के साथ मज़बूत और अच्छे संबंध बना सकें।

आवश्यक कौशल

- उत्कृष्ट लेखन, संपादन और संचार कौशल।

- हिंदी और अंग्रेज़ी, दोनों भाषाओं पर अच्छी पकड़ (किसी अन्य भाषा का ज्ञान अतिरिक्त लाभ होगा)।
- बारीकियों पर ध्यान, आलोचनात्मक सोच और स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता।
- एक साथ अलग-अलग परियोजनाओं का प्रभावी प्रबंधन।

आवेदन

अपना CV और लेखन का एक नमूना hiring@idronline.org पर 'Senior Associate – Hindi Editorial' विषय के साथ भेजें।

आपके लेखन का नमूना किसी अन्य व्यक्ति या एआई द्वारा संपादित नहीं होना चाहिए।

वेतन: ₹9–13.2 लाख वार्षिक (अनुभव और योग्यता के आधार पर)

कार्यस्थल: यह भूमिका सभी उम्मीदवारों के लिए खुली है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले उम्मीदवारों से सप्ताह में दो दिन और मुंबई में रहने वाले उम्मीदवारों से सप्ताह में एक दिन ऑफिस से काम करने की अपेक्षा होगी। अन्य सभी जगहों के लिए यह पूर्ण रूप से रिमोट भूमिका है।